1. "मेरी असफलताएँ" रचना की विधा है

(A) जीवनी (B) आत्मकथा (C) रेखाचित्र (D) संस्मरण

2. 'सिंहावलोकन' रचना है।

(A) हरिवंशराय बच्चन की (B) गुलाबराय की (C) यशपाल की (D) सुमित्रानन्दन पन्त की

3. हिन्दी में आलोचना विधा का आरम्भ हुआ

(A) भारतेन्दु युग से (B) छायावादी युग से (C) द्विवेदी युग से (D) शुक्ल युग से

4. 'मेरा जोबना नवेल रा भयो है गुलाल
कैसे घर दीनी बकस मोरी माल।' काव्य–पंक्तियों रचयिता हैं :

(A) धर्मदास (B) अमीर खुसरो (C) यारी साहब (D) दरिया साहब

5. रचनाकाल के अनुसार श्रीधर पाठक की निम्नलिखित रचनाओं का सही अनुक्रम है :

(A) श्रान्त पथिक, ऊजड़ ग्राम, एकांतवासी योगी, सांध्य अटन
(B) एकांतवासी योगी, ऊजड़ ग्राम, श्रान्त पथिक, सांध्य अटन
(C) ऊजड़ ग्राम, श्रान्त पथिक, सांध्य अटन, एकांतवासी योगी
(D) श्रान्त पथिक, सांध्य अटन, एकांतवासी योगी, ऊजड़ ग्राम

6. निम्नलिखित काव्य–पंक्तियों को उनके कवियों के साथ सुमेलित कीजिए

| सूची–1 | सूची–2 |
|---|---|
| (क) हौ सब कबिन्ह केर पछिलगा। | (अ) कबीरदास |
| (ख) कबित्त बिवेक एक नहिं मोरे। | (ब) जायसी |
| (ग) प्रभुजी, हौं पतितन कौ टीको। | (स) मलूकदास |
| (घ) अब तो अजपा जपु मन मेरे | (द) तुलसीदास |
| | (य) सूरदास |

| | (क) | (ख) | (ग) | (घ) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ब) | (द) | (य) | (स) |
| (B) | (द) | (अ) | (ब) | (य) |
| (C) | (स) | (ब) | (द) | (अ) |
| (D) | (अ) | (द) | (य) | (ब) |

7. स्थापना (कथन) (क) : हृदय सहित समाज में उत्पन्न होने वाला हर व्यक्ति सहृदय और सामाजिक होता है।
तर्क (कारण) (ख) : इसीलिए साहित्यशास्त्र में उनके लिए किसी गुण अथवा लक्षणों का उल्लेख नहीं किया गया।

(A) (क) सही (ख) सही (B) (क) गलत (ख) गलत (C) (क) गलत (ख) सही (D) (क) सही (ख) गलत

8. 'सुजान कुमार' किस सूफी प्रेमाख्यान का नायक है?

(A) मधुमालती (B) चित्रावली (C) इन्द्रावती (D) हंसजवाहिर

9. निम्नलिखित में से कौन–सी रचना मैथ्यू ऑर्नाल्ड की नहीं है?

(A) कल्चर एंड अनार्की (B) लिट्रेचर एंड डोग्मा
(C) एसेज ऑन चर्च एंड स्टेट (D) द कॉकटेल पार्टी

10. निम्न में से कौन सा एक रीति मुक्त कवि है

(A) बोधा (B) बिहारी (C) देव (D) भूषण

11. 'लेकिन जोर देकर कहना चाहता हूँ कि अगर इस्लाम नही आया होता तो भी इस साहित्य का बारह आना वैसा ही होता जैसा आज है' भक्ति काल के संदर्भ में यह कथन किसका है?

(A) नगेन्द्र (B) रामस्वरूप चतुर्वेदी (C) नामवर सिंह (D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

12. निम्न में से कौन सा एक मोहन राकेश का नाटक नही है?

(A) प्यालियाँ टूटती हैं (B) लहरों के राजहंस (C) अंडे के छिलके (D) अंधेरे बंद कमरे

13. हिन्दी गद्य रूपों में सबसे प्राचीन माना गया है?

(A) राजस्थानी गद्य (B) ब्रज गद्य (C) खड़ी बोली गद्य (D) अमीर खुसरो की हिंदी



Adda247
CS CamScanner

14. 'रानी केतकी की कहानी' शैली की दृष्टि से है –
(A) दुखांत (B) हास्य प्रधान (C) विचार प्रधान (D) तीनों विकल्प सही हैं

15. "प्रेत बोलते हैं" किसका उपन्यास है –
(A) राजेन्द्र यादव (B) निर्मल वर्मा (C) धर्मवीर भारती (D) मन्नू भण्डारी

16. "दिव्या" उपन्यास किसकी रचना है
(A) कमलेश्वर (B) यशपाल (C) जैनेन्द्र (D) धर्मवीर भारती

17. "विपथगा" किसका कहानी संग्रह है?
(A) निर्मल वर्मा (B) धर्मवीर भारती (C) अज्ञेय (D) नागार्जुन

18. "ब्रह्मराक्षस" किसकी कविता है?
(A) मुक्तिबोध (B) शकुंत माथुर (C) प्रभाकर माचवे (D) प्रभाकर क्षेत्रीय

19. आवारा मसीहा किसकी कृति है ?
(A) विष्णु प्रभाकर (B) काशीनाथ सिंह (C) पुरुषोत्तम अग्रवाल (D) प्रदीप सौरभ

20. "रुकोगी नही राधिका" किसका उपन्यास है ?
(A) उषा प्रियंवदा (B) मैत्रेयी पुष्पा (C) अनामिका (D) नासिरा शर्मा

21. "मदनमोहन" किस उपन्यास का पात्र है ?
(A) भाग्यवती (B) देवरानी जेठानी की कहानी
(C) गोदान (D) परीक्षागुरु

22. 'कबीर वाणी के डिक्टेटर हैं' किसने कहा है ?
(A) रामचंद्र शुक्ल (B) नन्द दुलारे वाजपेयी (C) हजारीप्रसाद द्विवेदी (D) नामवर सिंह

23. "ठंडा लोहा" किसकी रचना है ?
(A) धर्मवीर भारती (B) नागार्जुन (C) जगदीश चंद्र (D) केदारनाथ अग्रवाल

24. वर्डसवर्थ ने काव्य का प्रतिपाद्य माना है –
(A) जनसाधारण का जीवन और प्रकृति को (B) पौराणिक कथा और ज्ञान को
(C) नायक के चरित्र निर्माण को (D) ऐतिहासिक आख्यान को

25. "उपनिवेश में स्त्री" आलोचनात्मक रचना किसकी कृति है
(A) प्रभा खेतान (B) मृणाल पांडे (C) नासिरा शर्मा (D) निर्मला जैन

26. निम्नलिखित भाषाविदों को उनके ग्रंथों के साथ सुमेलित कीजिए –
(क) कानता प्रसाद गुरु – {अ} हिंदी भाषा का उद्भव और विकास
(ख) किशोरी दास वाजपेयी – {ब} हिन्दी व्याकरण
(ग) उदय नारायण तिवारी – {स} भाषा और समाज
(घ) राम विलास शर्मा – {द} हिंदी शब्दानुशासन

| | (क) | (ख) | (ग) | (घ) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | {अ} | {ब} | {स} | {द} |
| (B) | {ब} | {द} | {अ} | {स} |
| (C) | {स} | {द} | {अ} | {ब} |
| (D) | {द} | {स} | {ब} | {अ} |

27. निम्न लिखित भाषाविदों को उनके ग्रंथों के साथ सुमेलित कीजिए –
(ङ) समाधिता – {अ} दिनकर
(च) सामधेनी – {ब} प्रसाद
(छ) गीतकुंज – {स} पंत
(ज) प्रेम पथिक – {द} निराला

| | (क) | (ख) | (ग) | (घ) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | {स} | {अ} | {द} | {ब} |
| (B) | {अ} | {ब} | {द} | {स} |
| (C) | {स} | {द} | {अ} | {ब} |
| (D) | {द} | {स} | {ब} | {अ} |



Adda247
CamScanner

28. निम्न को सही अनुक्रम में व्यवस्थित कीजिए –
(A) भारत–भारती, यशोधरा, साकेत, द्वापर
(B) यशोधरा, साकेत, द्वापर, भारत–भारती
(C) साकेत, द्वापर, भारत–भारती, यशोधरा
(D) भारत–भारती, साकेत, यशोधरा, द्वापर

29. "निर्विकार" में कौन सा समास है?
(A) अव्ययीभाव (B) द्विगु (C) द्वंद (D) बहुव्रीहि

30. सर्वनाम से बनी भाववाचक संज्ञा है –
(A) अपनापन (B) छुटपन (C) लिखावट (D) लड़कपन

31. (") कोष्टक में दिया गया चिन्ह किसका है?
(A) योजक चिन्ह (B) उद्धरण चिन्ह (C) निर्देशक चिन्ह (D) हंस पद या त्रुटिपरक

32. चिन्ह पानी– पानी होना, मुहावरे का अर्थ है?
(A) इतनी बरसात हुई कि घर में पानी पानी हो गया
(B) शरीर में पानी ही पानी है
(C) दाल में पानी पानी हो गया
(D) चोरी पकड़ी जाने पर भोला पानी–पानी हो गया

33. "ढक्कन" शब्द में प्रत्यय है–
(A) अन (B) कन (C) न (D) अ

34. निम्न में तत्सम शब्द कौनसा है –
(A) अनमोल (B) अमरूद (C) कवि (D) चिड़िया

35. किस वाक्य में संदिग्ध वर्तमान का प्रयोग हुआ है –
(A) बाजार खुलने पर हम कपड़े खरीदेंगे।
(B) वह शायद पढ़ाई के लिए दिल्ली जाए।
(C) तीर्थयात्री गंगा में स्नान करते होंगे।
(D) उसने बाजा बजाया।

36. "महात्मा गांधी का देश सदैव आभारी रहेगा" इस वाक्य में किस तरह की अशुद्धि है –
(A) वाच्य प्रयोग की अशुद्धि
(B) पुनरुक्ति के अशुद्धि
(C) पदक्रम संबंधी अशुद्धि
(D) संयुक्त क्रिया की अशुद्धि

37. निम्नलिखित में से कौन सा मूल दीर्घ स्वर नही है?
(A) आ (B) ई (C) ऊ (D) ओ

38. य, र, ल, व को कौन सा व्यंजन कहते है?
(A) स्पर्श व्यंजन (B) अन्तःस्थ व्यंजन (C) ऊष्म व्यंजन (D) इनमे से कोई नही

39. नाक कौन–सा शब्द है?
(A) योगिक (B) रूढ़ (C) योगरूढ़ (D) इनमें से कोई नहीं

40. जो संज्ञा, सर्वनाम आदि शब्दों से जुड़कर नए शब्दों की रचना करते है, उन प्रत्यय को क्या कहते है?
(A) तद्धित प्रत्यय (B) कृदंत प्रत्यय (C) संस्कृत प्रत्यय (D) अनीय प्रत्यय

41. "उसी तपस्या से लम्बे थे, देवदार दो–चार खड़े" में कौनसा अलंकार है?
(A) उपमा अलंकार (B) प्रतीप अलंकार (C) रूपक अलंकार (D) उत्प्रेक्षा अलंकार

42. "भाव जिसके हृदय में रहते है" उसे कहते है?
(A) आश्रय (B) आलंबन (C) उद्दीपन (D) आलंबन जन्य उद्दीपन

43. दोहे और रोले को क्रम से मिलाने पर कौन सा छंद बनता है?
(A) हरीगितिका (B) कुण्डलिया (C) सवैया (D) बरवै

44. अधोलिखित में वर्तनी की दृष्टि से एक शब्द अशुद्ध है –
(A) अन्तर्धान (B) अनुगृहित (C) आध्यात्म (D) अधीन

45. समुद्रगुप्त भारत का "नेपोलियन" था। इस वाक्य में नेपोलियन किस प्रकार का संज्ञा का उदाहरण है?
(A) जातिवाचक संज्ञा (B) व्यक्तिवाचक संज्ञा (C) भाववाचक संज्ञा (D) समूहवाचक संज्ञा

46. जहां समानता की बात संभावना के रूप में की जाए वह कौन सा अलंकार होता है?
(A) रूपक अलंकार (B) उत्प्रेक्षा अलंकार (C) यमक अलंकार (D) संदेह अलंकार

47. "मैला आँचल" उपन्यास में 'प्यारु' किसके पास नौकरी करता था?
(A) प्रशांत (B) तहसीलदार साहब (C) रामकिसून बाबू (D) मिलेटरी में

48. होरी ने भोला से कितनी कीमत पर गाय खरीदी थी –
(A) 50 रुपये (B) 60 रुपये (C) 70 रुपये (D) 80 रुपये

49. "हर हिन्दुस्तानी की यही हालत है। दो पैसे की जहाँ किफायत हो वह वहीं मुँह मारता है" यह किसका कथन है?
(A) होरी – गोदान (B) राय साहब – गोदान
(C) बावनदास – मैला आँचल (D) गोतीराम – रागदरबारी

50. "मधुआ कहानी" किस कहानी संग्रह से संबधित है?
(A) सोजे–वतन (B) मानसरोवर (C) आंधी (D) इंद्रजाल

51. "नीलम देश की राजकन्या" कहानी में राजकन्या की किस समस्या से ग्रसित है?
(A) धोखा (B) अकेलापन (C) अधूरा प्रेम (D) राज्य का उत्तराधिकार

52. अभिशप्त कहानी के अनुसार 'अमीनउद्दौला पार्क' किसे मकान के पास था?
(A) शुक्ला जी (B) ज्वाला अहीर (C) लेखक के घर के पास (D) तीनों विकल्प गलत हैं

53. मोहन राकेश का मूल नाम क्या है?
(A) करमचंद राकेश गुगलानी (B) मदन मोहन गुगलानी
(C) मोहन राकेशचंद गुगलानी (D) इनमें से कोई नही

54. मिसपाल कहानी का उद्देश्य है –
(A) संवेदनशील समाज में बदसूरत स्त्री की पीड़ा और उसके अकलेपन की समस्या को दिखलाना
(B) एक स्त्री के स्वाभिमान को दिखाना
(C) स्त्री–पुरुष संघर्ष को दिखाना
(D) तीनों कथन सही हैं

55. "दिल्ली में एक मौत" कहानी के सेठ दीवानचंद कहाँ कहाँ के मशहूर शक्स थे
(A) चांदनी चौक (B) राजीव चौक (C) कारोलबाग (D) कालका जी

56. 'वापसी' कहानी के गजाधार बाबू किस विभाग में सर्विस करते थे?
(A) रेलवे (B) डाक (C) सेना (D) पुलिस

57. "ठाकुर का कुआँ" किस पत्रिका में प्रकाशित हुई थी?
(A) हंस (B) मतवाला (C) जमाना (D) जागरण

58. डॉक्टर मुखर्जी कहाँ के रहने वाले थे?
(A) वर्मा (B) सिंगापुर (C) भारत (D) अमेरिका

59. गाँव के पंचों ने कितने रुपये और कितने मन अनाज का दंड होरी और धनिया को लगाया था
(A) पचास रुपये और तीस मन अनाज (B) सौ रुपये औरर तीस मन अनाज
(C) अस्सी रुपये और बीस मन अनाज (D) नब्बे रुपये और बीस मन अनाज

60. रागदारबारी का पात्र बद्री कौन है?
(A) वैद्य जी का नौकर (B) वैद्य जी का भाई (C) वैद्य जी का बेटा (D) वैद्य जी का मित्र

61. नीलम देश की राजकन्या कहानी के अंतर्गत कौन बहुत तत्परता से राजकुमारी को बहलाने में लगा है?
(A) गंधर्व बालाएं (B) किन्नरियाँ (C) अपसाराएं (D) सखियाँ

62. कौन सी भाषा आस्ट्रिक समूह से संबधित है?
(A) तमिल (B) बंगला (C) नेपाली (D) खासी

63. डोगरी भाषा का कहाँ बोली जाती है?
(A) कश्मीर (B) कुमायूं (C) मालवा (D) हरियाणा

64. नवनीत शब्द का अर्थ है –
(A) मक्खन (B) शहद (C) अमृत (D) आतीत से नया

65. रागदारबारी का पात्र गनाथ किस विषय में शोध कर रहा था?
(A) राजनीति विज्ञान (B) सामाज शास्त्र (C) हिंदी साहित्य (D) इतिहास

66. उत्तर भारत की खड़ी बोली हिंदी दक्षिण में किस रूप में विकसित हुई?
(A) हैदराबादी हिंदी (B) दक्कनी हिंदी (C) उर्दू (D) परिनिष्ठित हिंदी



Adda247
CamScanner

67. आधुनिक काल के द्वितीय चरण को किस काल की संज्ञा दी गई है?
(A) जागरणकाल (B) सुधारकाल (C) नवलेखनकाल (D) पुनर्जागरणकाल

68. इनमें कौन सा कवि दो युगों के संधिस्थल पर अवस्थित है?
(A) मैथिलीशरण गुप्त (B) गयाप्रसाद शुक्ल 'सनेही'
(C) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' (D) भारतेंदु हरिश्चंद्र

69. "छत्रप्रकाश" किसकी रचना है?
(A) लाल कवि (B) श्रीधर (C) ग्वाल (D) मंडन

70. आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने प्रेमाख्यान काव्य–परंपरा का प्रथम कवि किसे माना है?
(A) जायसी (B) कुतुबन (C) मुल्ला दाऊद (D) मंझन

71. निम्नलिखित काव्य पंक्तियां किस कवि की है?
'जामैं रस कछु होत है, पढ़त ताहि सब कोय।
बात अनूठी चाहिए भाषा कोऊ होय।।'
(A) भारतेंदु हरिश्चंद्र (B) सत्यनारायण कविरत्न (C) जगन्नाथदास रत्नाकर (D) मैथिलीशरण गुप्त

72. फोर्ट विलियम कॉलेज का स्थापना वर्ष है –
(A) 1800 (B) 1799 (C) 1805 (D) 1903

73. 'सुजान विनोद' किसकी रचना है?
(A) चिंतामणि (B) घनानन्द (C) देव (D) पद्माकर

74. नियम और उपनियमों के ये बंधन टूट–टूक हो जाएँ,
विश्वंभर की पोषक वीणा के सब तार मूक हो जाएँ;
उपरोक्त काव्य पंक्तियाँ हैं –
(A) रामधारी सिंह दिनकर (B) दुष्यंत कुमार
(C) बालकृष्ण शर्मा नवीन (D) सूर्यकांत तरीपाथी निराला

75. 'कला और नैतिकता' का सिद्धांत है –
(A) टी. एस. इलिएट (B) विलियम वर्डसवर्थ (C) आई. ए. रिचर्ड्स (D) मैथ्यू आर्नल्ड

76. भोज ने रस का मूल किसे माना है–
(A) आनंद को (B) रुचि को (C) अहंकार को (D) प्रकृति को

77. भारतीय काव्यशास्त्र में काव्य वृत्तियां मानी गई है –
(A) पुरुषा (B) कोमल (C) उपनागरी (D) उपरोक्त तीनों

78. भारतेंदु मंडल के कवियों में इनमें से कौन कवि सम्मिलित नहीं था?
(A) ठाकुर जगमोहन सिंह (B) बद्रीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'
(C) राधाकृष्ण दास (D) राधाचरण गोस्वामी

79. किसका मत है "कल्पना और तर्क दोनों साथ–साथ चलते हैं , पहला दूसरे को पीछे नही छोड़ सकता है"
(A) ड्राइडन (B) अरस्तू (C) प्लेटो (D) टी. एस. इलिएट

80. "मैला आँचल" उपन्यास में किस चरित्र को देख कर कुत्ते दूर से ही पहचान लेते थे?
(A) नागाबाबा (B) कालीचरण (C) सेवादास (D) बावनदास

81. किसे छायावाद का जनक कहा जाता है?
(A) श्रीधर पाठक (B) जयशंकर प्रसाद (C) मुकुटधर पांडे (D) सुमित्रा नंदन पंत

82. "आधे–अधूरे" नाटक में पुरुषपात्रों की संख्या कितनी है?
(A) पाँच (B) छः (C) सात (D) आठ

83. वाक्य रसात्मक काव्यम् कथन किसका है –
(A) भारत (B) भामह (C) विश्वनाथ (D) जगन्नाथ



Adda247
CamScanner

84. रामचंद्र शुक्ल जी आधुनिक काल के प्रथम उत्थान का समय कब से कब तक मानते हैं?
(A) संवत 1925–50 (B) संवत 1900–1925 (C) संवत 1850–1900 (D) संवत 1875–1900

85. निम्न में से कौन सा एक अज्ञेय का काव्यसंग्रह नही है –
(A) इत्यलम् (B) आत्मा की आंखे (C) महावृक्ष के नीचे (D) बावरा अहेरी

86. बतरस लालच लाल की मुरली धरी लुकाय। किसका दोहा है?
(A) रसलीन (B) केशव (C) बिहारी (D) देव

87. जायसी की पद्मावत रचना की भूमिका में दिल्ली के किस शासक की प्रशंसा की गई है –
(A) इब्राहिम लोदी (B) बाबर (C) हुमायूँ (D) शेरशाह

88. तुलसीदास जी की रामचरितमानस को किसने लोकमंगल की साधनावस्था का काव्य माना है?
(A) रामचंद्र शुक्ल जी (B) हजारी प्रसाद द्विवेदी (C) डॉ. नगेन्द्र (D) जॉर्ज ग्रियर्सन

89. हिंदी को संघ की राजभाषा बनाने के लिए किसने प्रस्ताव पेश किया था?
(A) पंडित नेहरू (B) के. एम. मुंशी
(C) सी. राजगोपालाचारी (D) श्री गोपाल स्वामी आयंगर

90. भाषा की लघुत्तम इकाई है –
(A) ध्वनि (B) स्वर (C) वर्ण (D) शब्द

91. अनुमितिवाद किसका सिद्धांत है –
(A) शंकुक (B) भट्टनायक (C) अभिनव गुप्त (D) इनमें से कोई नहीं

92. "मेरे राम का मुकुट भीग रहा है" किसका निबंध है –
(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी (B) प्रताप नारायण मिश्र (C) विद्या निवास मिश्र (D) गोविंद प्रसाद मिश्र

93. 'रेत समाधि' किसका उपन्यास है –
(A) गीतांजलि श्री (B) मैत्रेयी पुष्पा (C) उषा प्रियंवदा (D) कृष्णा सोबती

94. खड़ी बोली में खड़ी शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया था?
(A) लल्लू लाल (B) अयोध्या प्रसाद (C) भारतेन्दु हरिश्चंद (D) हरदेव बाहरी

95. भारतीय काव्यशास्त्र में 'भावक' से अभिप्राय है?
(A) दर्शक से (B) पाठक से (C) सहृदय से (D) किसी से भी नही

96. किस संप्रदाय में कृष्ण के वामांग में राधा के साथ, कृष्ण की उपासना का विधान है?
(A) राधावल्लभ संप्रदाय (B) हरिदासी संप्रदाय (C) निंबार्क संप्रदाय (D) वल्लभ संप्रदाय

97. रासो काव्य–परंपरा में गेय काव्य कौन सा है?
(A) बीसलदेव रासो (B) परमाल रासो (C) वर्णरत्नाकर (D) राउलवेल

98. किस कवि की कविता की हृदय वेधकता को लक्ष्य करके उसे 'नावक के तीर' कहा गया?
(A) बिहारी (B) घनानंद (C) देव (D) पद्माकर

99. निम्न में से किसने जासूसी उपन्यास की दुनिया में इतनी ख्याति प्राप्त की कि लोगों ने इनके उपन्यास पढ़ने हेतु हिंदी सीखी –
(A) गोपाल राम (B) श्रीनिवास दास (C) देवकी नंदन खत्री (D) किशोरी लाल गोस्वामी

100. "मेरी जीवनयात्रा" किसकी आत्मकथा है
(A) राहुल सांकृत्यायन (B) डॉ. हरिवंशराय (C) बाबू गुलाबराय (D) यशपाल

*****

Adda247



CamScanner